# हरिभूमि हिसार भूमि

रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर, 2025


तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 13.9 डिग्री

12 101 किलो का केक काटकर बीड़ बबरान धाम में...



12 लुवास की छात्रा महिमा ने संसद भवन में किया हरियाणा...



# आय सीमा के चलते राज्य स्तरीय विजेताओं को नहीं मिल पा रहा सरकार से प्रोत्साहन

- खिलाड़ियों में निराशा, सैकड़ों खिलाड़ी छात्रवृति से वंचित, सरकार से नीति सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उकलाना मंडी

हरियाणा खेलों के मामले में देश में अग्रणी स्थान रखता है और इसकी खेल नीति भी पूरे देश में मिसाल मानी जाती है। ओलंपिक और एशियाई खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा जीते गए पदकों की गिनती पूरे देश के मुकाबले सबसे अधिक होती है। यही वह प्रदेश है जो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 करोड़ रुपये तक का पुरस्कार प्रदान करता है।

इसके बावजूद विडंबना यह है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए कोई स्पष्ट प्रोत्साहन नीति नहीं है। खेल विभाग की ओर से बनाई गई छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत स्वर्ण पदक विजेता को 42 हजार रुपये, रजत पदक विजेता को 36 हजार रुपये और कांस्य पदक विजेता को 30 हजार रुपये की राशि दी जानी है, लेकिन इस योजना में आय सीमा निर्धारित कर दी गई है।



**ये निर्धारित की गई आय सीमा :** सामान्य वर्ग के खिलाड़ियों के लिए वार्षिक आय सीमा 1.80 लाख रुपये तय की गई है। इसी तरह अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 2.50 लाख रुपये आय सीमा निर्धारित की गई है। इस कारण अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी सिर्फ आय अधिक होने के कारण छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं।

**जेब से देते किराया, एंट्री फीस व अन्य खर्चे :** खिलाड़ियों ने यह भी बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए किराया, एंट्री फीस और अन्य खर्च भी अपनी जेब से देना पड़ता है। सरकार की ओर से कोई अतिरिक्त सहायता नहीं मिलती।

**भाजपा नेता ने भी उठाया सवाल :** भाजपा पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामेश्वर भाटीवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार को इस नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि खिलाड़ी चाहे किसी भी वर्ग से हो, यदि वह राज्य के लिए पदक जीतता है तो उसे प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

**खिलाड़ियों को नहीं उम्मीद :** हरियाणा ओलंपिक संघ भी अब 13 वर्षों बाद राज्य खेल उत्सव का आयोजन कर रहा है। हालांकि इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार तो संघ की ओर से दिए जा रहे हैं, लेकिन सरकारी छात्रवृत्ति की उम्मीद इन खिलाड़ियों को भी नहीं है।

### प्रोत्साहन न मिलना निराशाजनक

खिलाड़ियों का कहना है कि जब कोई खिलाड़ी मैदान में उतरता है तो वह अपने परिश्रम, अनुशासन और मेहनत से पदक जीतता है, न कि अपनी आर्थिक स्थिति के आधार पर। उपकरण, ड्रेस और डाइट पर खर्च करने के बाद भी उन्हें सरकार से कोई प्रोत्साहन नहीं मिलना निराशाजनक है। कई खिलाड़ी यह भी आरोप लगा रहे हैं कि छात्रवृत्ति पाने के लिए गलत दस्तावेज बनवाने की मजबूरी तक सामने आ रही है।

**पूर्व मंत्री के ध्यान में नहीं मामला :** इस नीति बारे जब पूर्व मंत्री अनूप धानक से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। यदि मामला मेरे पास आता है तो वे इसे मुख्यमंत्री के समक्ष अवश्य रखेंगे।

### ये बोले खेल मंत्री के सलाहकार

हालांकि इस विषय पर खेल निदेशक संजीव वर्मा से बात करनी चाही तो संपर्क नहीं हो पाया।खेल मंत्री गौरव गोतम के खेल सलाहकार संदीप पराशर ने इस विषय पर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय खिलाडी द्वारा पदक हासिल करने पर 84 हजार रुपये छात्रवृत्ति दी जाती है। इसी तरह प्रदेश में कांस्य पदक हासिल करने पर 30 हजार की राशि सरकार द्वारा छात्रवृत्ति के रूप में दी जाती है तथा अनुसूचित जाति से संबंधित खिलाड़ी को 18 हजार रुपये प्रतिभागिता प्रदेश खेलों में करने पर देने का प्रावधान है। आय से संबंधित छात्रवृत्ति का कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने बताया कि बिहार चुनाव के बाद खेल मंत्री गौरव गौतम के प्रदेश लौटने पर उनको मामले से अवगत कराया जाएगा ताकि उनके द्वारा इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा करके निर्देश दिया जा सके तथा खिलाड़ियों के हित को ध्यान में रखते हुए आय की तय सीमा का बढ़ाने पर विचार किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### सड़क धंसने के कारण पलटा लोडिंग ट्रक

**बरवाला।** गांव सुलखनी-धांसू रोड पर एक लोडिंग ट्रक सड़क धंसने के कारण अचानक पलट गया। हादसे में ड्राइवर बाल-बाल बच गया लेकिन ट्रक को सड़क से हटाने में रविवार सुबह तक भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

### एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचें : शशांक

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि हाल के दिनों में साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी के नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। इनमें सबसे खतरनाक तरीका यह है कि नकली निमंत्रण संदेश, शादी या कार्यक्रम के ई-इनविटेशन, ऑफर लिंक या त्योहारी ग्रीटिंग कार्ड के नाम पर लोगों को एक लिंक भेजा जाता है। लिंक में एक एपीके फाइल संलग्न होती है।





बरवाला। बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट कैंप में लोगों के रक्त की जांच करते हुए।

### बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट का स्वास्थ्य अभियान

**बरवाला।** बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट की ओर से एक लाख ओपीडी पूरी होने के उपलक्ष्य में वार्ड न.05, बूढ़ी माता वाला पार्क सैनी मोहल्ला बरवाला में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान कैंप का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की ओर से लोगों के पांच प्रकार के बेसिक ब्लड टेस्ट कोलेस्ट्रॉल, ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन, पीटी और टीएसएच किए गए। इस शिविर में कुल 146 लोगों ने अपने रक्त की जांच करवाकर इस कैंप का लाभ उठाया। संस्था के प्रधान ने बताया कि भविष्य में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन बरवाला के अन्य वार्डों में भी किया जाएगा।

## आग से लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा

# पाइप से निकली चिंगारी से कॉटन फैक्ट्री में लगी आग

- फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया
- आग का धुआं देख क्षेत्र में मचा हड़कंप, अफरा-तफरी मची

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उकलाना मंडी





**उकलाना।** आग बुझाने में लगी फायर ब्रिगेड की गाड़ी और आग बुझाते फायर कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के गांव प्रभुवाला के पास रविवार दोपहर को कॉटन फैक्ट्री में अचानक आग लगने से लाखों का नरमा जलकर राख हो गया। बताया गया है कि काम के दौरान पाइप से निकली एक चिंगारी वहां रखे कॉटन (नरमा) के बड़े ढेर में गिरी और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

गांव प्रभुवाला के पास स्थित मित्तल कॉटन फैक्ट्री के मालिक नीरज मित्तल ने बताया कि परिसर में कॉटन (नरमा) का एक बड़ा दड़ा (ढेर) रखा हुआ था। दोपहर के समय जब कर्मचारी काम में व्यस्त थे, तभी पाइप में से अचानक एक चिंगारी निकली, जिसने कुछ ही मिनटों में आसपास रखे नरमे को अपनी लपटों में समा लिया। इस आगजनी में डेढ़ सौ किंवंटल कपास जलने का अनुमान है। पहले तो कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। आग का धुआं देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास की फैक्ट्रियों के मालिक और ग्रामीण भी पहुंच गए। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की मदद से आग बुझा दिया गया।

### घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू

इसके बाद फायर ब्रिगेड को आग की सूचना दी गई। इसके बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। नीरज मित्तल ने बताया कि इसमें 10 लाख रुपये से अधिक का नरमा जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग मशीनों तक नहीं पहुंची, वरना नुकसान कई गुना ज्यादा हो सकता था।

# सैंट ज्ञानेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाणा दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

- सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी



**हांसी।** कार्यक्रम में मॉडल प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

सैंट ज्ञानेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में हरियाणा दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा तथा अध्यक्षता थाना प्रभारी सुनीता देवी तथा गेस्ट आफ आनर रविंद्र अत्री ने की। कार्यक्रम की शुभारंभ सरस्वती की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने साइंस प्रोजक्ट, गणित प्रोजक्ट तथा वेस्ट मैटेरियल की एगजिवेशन लगाई। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियां भी लगाई गई । इस अवसर पर अलग अलग प्रकार की झांकियां प्रस्तुत की गई, जिसमें हरियाणा लोकनृत्य, हरियावणी पुरातत्व चीजें तथा रामायण से सम्बंधित झांकियों का प्रदशन किया गया। इस अवसर पर शहीद की विधवाओं व 80 साल के बुर्जुगों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रांगण में अभिभावकों की भारी भीड़ ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिया। प्रधानाचार्य सतीश वर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की मानसिक वृद्धि होती है। इससे बच्चों को हमारी हरियाणवी संस्कृति का ज्ञान होता है, कि पहले हमारे पूर्वज किस तरह का खाना खाते थे और निरोग रहते थे। पुरानी चीजों के ज्ञान से उनकी उनकी सोचने समझने की शक्ति बढ़ती थी। मंच संचालन अन्नु गंगवानी ने किया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर संतोष वर्मा ने स्कूल की रिर्पोट प्रस्तुत की। कार्यक्रम संयोजक पूनम अनेजा व कविता भारद्वाज तथा वर्षा तनेजा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## बिठमड़ा में उकलाना माइनर टूटी, धान की फसल डूबी

**उकलाना मंडी।** क्षेत्र के गांव बिठमड़ा में रविवार को उकलाना माइनर में आई दरार ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। नहर टूटने से खेतों में नहरी पानी भर गया, जिससे किसान जयबीर की करीब दो एकड़ में खड़ी धान की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई। अचानक हुई इस घटना से किसान को लाखों रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। किसान जयबीर ने बताया कि उनके खेत के पास से उकलाना माइनर गुजरती है। रविवार को अचानक माइनर में दरार आने से तेजी से पानी खेतों में घुस गया। जैसे ही उन्हें सूचना मिली, वे मौके पर पहुंचे और पानी रोकने के लिए अपने स्तर पर प्रयास शुरू किए। उन्होंने तुरंत जेसीबी मशीन मंगवाकर नहर की टूटी जगह को पाटने का कार्य किया, ताकि नुकसान को रोका जा सके। जयबीर के अनुसार, उन्होंने घटना की सूचना तुरंत सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।



**उकलाना :** छात्र हर्षित को सम्मानित करते अध्यापक।

### कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल के हर्षित ने जू-जित्सु चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**उकलाना मंडी।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, उकलाना मंडी के प्रतिभाशाली छात्र हर्षित (कक्षा द्वितीय) ने गायत्री पब्लिक स्कूल, सुलखनी में आयोजित चौथी हिसार जिला जू-जित्सु चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। हर्षित की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिणाम है। विद्यालय की निदेशक एडवोकेट काजल धायल ने हर्षित को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि हर्षित भविष्य में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय और देश का नाम रोशन करेगा। प्रधानाचार्य जयप्रकाश पांडे ने भी हर्षित को बधाई देते हुए कहा कि हर्षित का परिश्रम, समर्पण एवं अनुशासन सराहनीय व अनुकरणीय है।

### ग्राम विकास मंडल मिलकपुर ने किया प्रतिभा खोज एवं सीईटी बेस परीक्षा का आयोजन



**हांसी।** प्रतिभा खोज परीक्षा में भाग लेते परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

**हांसी।** ग्राम विकास मंडल मिलकपुर द्वारा शनिवार को आदर्श ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मिलकपुर में प्रतिभा खोज परीक्षा एवं सीईटी बेस परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के 281 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन करना और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करना रहा। परीक्षा के सुपरिटेंडेंट डॉ. धर्मपाल यादव एवं मुख्य आयोजक प्रिंसिपल सुरेश यादव ने पूरे आयोजन की निगरानी की तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराया। परीक्षा के आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों, ग्राम विकास मंडल प्रधान राजेश यादव, प्रिंसिपल राजकुमारी व सभी मंडल सदस्यों सहित अनेक गणमान्य ग्रामीणों ने सहयोग दिया। ग्राम विकास मंडल मिलकपुर द्वारा ऐसे शैक्षणिक आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। परीक्षा के आयोजन पर मंडल सदस्यों ने विद्यालय प्रशासन तथा सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

पांच दिवसीय दूध और दूध उत्पादों का प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

## प्रशिक्षणार्थियों को रबड़ी और फ्लेवर मिल्क बनाना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



**हिसार।** समापन अवसर पर उपस्थित अधिकारी व प्रशिक्षणाथी। फोटो : हरिभूमि

पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेड़ा ने जिले के गांव चिड़ौद में पांच दिवसीय दूध और दूध उत्पादों का प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में गांव की 35 अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम केन्द्रीय भैंस फार्म हिसार के वित्तीय सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान एचएयू के डॉ. अंकित ने दूध और दूध उत्पादों का प्रसंस्करण पर विशेष तौर पर जानकारी दी तथा पनीर व छन्ना रसगुल्ला बनाने भी सिखाए गए। तकनीशियन विकास डांडा ने बर्फी व फ्लेवर मिल्क बनाने सिखाए। लुवास के डॉ. विपुल कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को रबड़ी और फ्लेवर मिल्क बनाना सिखाया। डीएसटी से मनीषा ने पिस्ता बर्फी बनानी सिखायी।

### अपना रोजगार कर सकतीं हैं शुरू

हितेश कालरा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि किस प्रकार से वे अपना रोजगार शुरू कर सकती हैं और अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने प्रशिक्षुओं से सीखी गई तकनीकों को अपने व्यवसाय में अपनाने का आग्रह किया वहीं केंद्र पर चलने वाले निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को स्वरोजगार के बारे में जागरूक करना है।



**हिसार।** जरुरतमंद लड़की के विवाह के लिए नकद राशि प्रदान करते लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा के सदस्य।

### लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने लड़की के विवाह पर 31 हजार दिए

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा द्वारा एक सराहनीय सेवा प्रकल्प जरुरतमंद बेटी की शादी में सहयोग के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। क्लब की ओर से उस जरुरतमंद लड़की को विवाह के लिए 31 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई। इस सेवा प्रकल्प के प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन अनिल खट्टर रहे। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष हरीश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष अशोक नागपाल तथा रविन्द्र सचदेवा विशेष रुप से उपस्थित रहे। लायंस क्लब का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। इसी भावना के तहत क्लब समय-समय पर जरुरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे सेवा प्रकल्प आयोजित करता रहता है।



**हिसार।** तिरुपति धाम में अन्नकूट व 56 भोग महोत्सव में उपस्थित अर्चक व श्रद्धालुगण।

### तिरुपति धाम में अन्नकूट और 56 भोग महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** अध्यात्म के पोषक श्री तिरुपति बालाजी धाम में अन्नकूट व 56 भोग महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और मंदिर में माथा टेककर पूजा व आराधना की। इस महोत्सव के लिए तिरुपति धाम को हरे-भरे गन्नों व लड़ियों से विशेष रूप से सजाया गया। इस दौरान तिरुपति धाम में 71 फुट ऊंचे नक्काशीयुक्त गोपुरम की आभा देखने लायक रही। अन्नकूट व 56 भोग महोत्सव भगवान श्री वेंकटेश जी की अनुकंपा एवं परम पद प्राप्त जगद्गुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद और अनंत श्री विभूषित सर्वश्री नारायणाचार्य जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

**खेलकूद** एथलेटिक्स हिसार ने 64 एथलीट का चयन, इसमें 33 लड़के और 31 लड़कियां शामिल

# हरियाणा स्टेट गेम्स एथलेटिक्स को हिसार टीम घोषित

- 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स की एथलेटिक्स स्पर्धा गुरुग्राम में आयोजित की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



**हिसार।** हरियाणा स्टेट गेम्स की एथलैटिक्स स्पर्धा के लिए चयनित हिसार टीम। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन द्वारा लंबे अरसे के बाद गुरुग्राम में आयोजित किए जा रहे 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स की एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए एथलेटिक्स हिसार ने 64 एथलीट का चयन किया है जिसमें 33 लड़के और 31 लड़कियां शामिल हैं। एथलेटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा एवं वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने बताया टीम के मैनेजर अमित (शाहपुर) और टीम कोच नेहा राणा को नियुक्त किया गया है। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए एथलेटिक्स हिसार के अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगा दत्त यादव, उपाध्यक्ष ओपी भादू, डॉ. शशि भूषण लूथरा, हरपाल सरसाना, शमशेर, प्रदीप कनोह, नसीब गुराना एवं सभी पदाधिकारियों ने दल को शुभकामनाएं प्रेषित की।

**हरियाणा स्टेट गेम्स में इनका चयन :** लड़कियों के वर्ग में उजाला, सकीना, रिद्धि, सेलेंशी, सुमन, दुर्गा, मोनिका, हिना, अनीता, सरला, खुशबू, रिंकी, अंजु, डिंपल, ऋषिका, सुमित्रा, सोनम, निशु, पूनम, मनीषा, खुशी, मुनी, कविता, आरती, अंजु, विपल, अनु, आर्यन, कोमल, छोटी, कुसुम शामिल हैं।

लड़कों की टीम में मंजीत, अंशु गौतम, मनीष, हितेश, अमित दहिया, नीतीश, रवि, अमन, तेजबीर, बनीत, अंकुश, कुश, लव, अंकुश, परमीत, नरेश, निशांत, शुभम, संजय, आशीष, दिनेश दलाल, अंकित, विकास, जतिन मलिक, सोनू, अजय, प्रमोद, विकास बूरा, यश महला, संदीप, राहुल, मस्तु और आशीष यादव का चयन हुआ है।



### रोहन ने इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में जीता स्वर्ण

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थानीय शटल मास्टर बैडमिंटन एकेडमी के खिलाड़ी रोहन ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है। रोहन के बेहतर प्रदर्शन से उसका इंटर यूनिवर्सिटी के लिए चयन हो गया है। कोच साहिल थरेजा ने बताया कि एकेडमी के अनेक खिलाड़ी समय-समय पर अपने-अपने आयु वर्ग में प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न मैडलों को अपनी झोली में डाल रहे हैं।

